भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें

रांची. आइआइएम रांची में शनिवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत परिचर्चा सत्र हुआ. थीम था : भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें. प्रो आनंद ने उच्च शिक्षा संस्थानों में सुशासन और नैतिक नियमों को बढ़ावा देने में सतर्कता के महत्व पर प्रकाश डाला. प्रो अंबुज आनंद ने 'भ्रष्टाचार उन्मूलन : एक सामूहिक जिम्मेदारी' विषय पर अपनी बातें रखी. उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ पद पर बैठे व्यक्ति के न्यायप्रिय होने से भ्रष्टाचार को खत्म करना आसान है. पद की गरिमा बनी रहें, इसके लिए भ्रष्टाचार मुक्त करने की पहल जरूरी है. प्रो प्रसन्नजीत चक्रवर्ती ने भ्रष्टाचार मुक्त परिवेश को स्थापित करने की शपथ दिलायी. इस अवसर पर निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव और प्रो अंशुमान हजारिका आदि मौजूद थे.

Prabhat Khabar_05.11.2023_Pg. 15